विजय स्मारक पर तीनों सेनाओं के रिटायर्ड अधिकारी-जवानों ने पुष्प चक्र किए अर्पित

कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर। कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शुक्रवार को अजमेर शहर सहित जिले भर में देशभक्ति के कार्यक्रम का आयोजन कर शहीदों को श्रद्धांजलित अर्पित की। बजरंगगढ़ स्थित विजय स्मारक पर आयोजित कार्यक्रम में थल, वायु और नौ सेना के रिटायर्ड अधिकारी व जवानों ने पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। बजरंगगढ़ स्थित विजय स्मारक पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रिटायर्ड कमानडेंट जगदीश सिंह राजावत ने कहा कि हमारे जवान देश के अंदर और बाहर दोनों ही जगह हर परिस्थिति में रक्षा करते हैं। उनके साहस और समर्पण के कारण ही सुरक्षित जीवन जी रहे हैं। इस अवसर पर कई देश भक्ति गीत प्रस्तुत किए गए। पूरा शहर देशभक्ति के रंग में रंगा हुआ दिखाई दिया।

आदर्श स्कूल में पूर्व सैनिकों का सम्मान: कारगिल विजय की कहानियां वर्तमान युवा पीढ़ी को पढ़नी सुननी अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि अपनी पूर्वजों के बलिदानों की कीमत पर मिली विजय की कहानियां केवल अतीत का स्मरण मात्र नहीं है बल्कि भविष्य की विविध क्षेत्रों में मिलने वाली विजयों की पूर्व तैयारी भी होती है। यह विचार पुष्कर रोड स्थित आदर्श विद्या निकेतन उच्च माध्यमिक विद्यालय में कारगिल विजय दिवस पर मुख्य अथिति के रूप में बोलते हुए भारतीय नौ सेना के सेवानिवृत कमांडर जेएस राजावत ने कही। इस अवसर पर इंजीनियर नवीन शर्मा ने कारगिल युद्ध की विशेषताओं सहित तथ्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम में विद्यालय के कोषाध्यक्ष सुधीर भारद्वाज ने उपस्थित पूर्व सैनिकों का तिलक लगाकर, स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत व सम्मान किया। पूर्व सैनिकों के रूप में पेटी ऑफिसर बीएस रावत, हवलदार देवेंद्र कश्यप, सब लेफ्टिनेंट शैलेंद्र कश्यप, नायब सूबेदार प्रताप सिंह, हवलदार भवानी सिंह, सूबेदार जयवीर सिंह तथा पेटी ऑफिसर कृष्ण मुरारी मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

डीएवी कॉलेज में किया पौधरोपण: दयानंद महाविद्यालय अजमेर में 2 राज आर्टरी बैटरी एनसीसी की तरफ से कारगिल विजय दिवस के अवसर पर पौधारोपण कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और पर्यावरण सुरक्षा की शपथ ली। प्राचार्य डॉ.लक्ष्मीकांत ने शहीदों के बलिदान को नमन करते हुए दिवस की महत्ता बताई। इस अवसर पर यूनिट कमान अधिकारी कर्नल एमके सिंह, कैप्टन डॉ.दीप सिंह, लेफ्टिनेंट डॉ.सोनिया जोसेफ सहित अंडर ऑफिसर अंजलि, आयुष उपस्थित रहे।

जेएलएन अस्पताल के बाहर एम्बुलेंस नहीं होगी खड़ी

अब नो पार्किंग में खड़ी बसों के होंगे ई-चालान

मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर। शहर के बढ़ते यातायात दबाव के चलते जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार बिश्नोई के निर्देश पर यातायात पुलिस शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए कमर कस ली है। शुक्रवार को अस्पताल अधीक्षक और यातायात निरीक्षक ने जवाहर लाल नेहरू अस्पताल के बाहर खड़ी एंबुलैंस को हटाने के निर्देश दिए। अब यह एम्बुलेंस पटेल मैदान के पास खड़ी होंगी। साथ ही यहां पर एक प्री-पेड बूथ भी लगाया जाएगा ताकि कोई एंबुलैंस चालक अपनी मनमानी नहीं कर सकेगा।

यातायात निरीक्षक भीखाराम काला ने बताया कि शहर के बढ़ते यातायात दबाव के मद्देनजर शुक्रवार से संभाग के सबसे बड़े जवाहर लाल नेहरू अस्पताल के बाहर खड़ी एंबुलैंस वाहनों को वहां से हटा कर पटेल मैदान के पास खड़ा करने के दिशा निर्देश दिए गए है। साथ ही उक्त स्थान पर एक प्री-पेड बूथ भी लगाया जाएगा, नंबर से एंबुलैंस वाहनों का संचालन किया जा सकेगा, जिससे कोई एंबुलैंस चालक अपनी मनमानी नहीं कर सकेगा। अस्पताल प्रशासन और यातायात विभाग ने कार्यवाही करते हुए अस्पताल में प्री-पेड बूथ सेवा लागू करने की पहल की है।

नो पार्किंग में खड़ी बसों के अब होंगे ई-चालान : यातायात पुलिस निरीक्षक भीखाराम काला ने अब नौ पार्किंग में खड़ी होने वाली बस,

कार व बिना हेलमेट वालों के ईचालान बनाए जा रहे है। शुक्रवार को आजाद पार्क के पास खड़ी प्राइवेट बसों के ई-चालन काटे गए। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा ई-चालान का मैसेज वाहन चालक के पास चला जाता है। दस ई-चालान तक वाहन चालक ने जुर्माना जमा नहीं करवाया तो वाहन को जप्त किया जाएगा। बिना हेलमेट लगाए वाहन चालकों के भी ई-चालान किए जा रहे हैं। यातायात विभाग ने शहरवासियों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, ऐसा नहीं करने पर कार्यवाही की जाएगी।

जेएलएन अस्पताल पहुंचकर अस्पताल के बाहर खड़ी एंबुलैंस वाहनों के चालकों से समझाइश की गई है और एम्बुलेंस को पटेल मैदान के मुख्यद्वार के सामने लगाने के निर्देश दिए है। जरूरत पड़ने पर फोन कर अस्पताल में एम्बुलैंस बुलाई जा सकती है, ताकि यातायात प्रभावित न हो।

-भीखाराम काला,
यातायात निरीक्षक अजमेर

अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन जिला शाखा अजमेर की बैठक आयोजित

मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर। अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन कार्य समिति की आवश्यक बैठक शुक्रवार को होटल केसीइन में आयोजित हुई। बैठक में मुख्य रूप से निर्णय लिए गए अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन की वर्षा कालीन गोठ एवं सभा 24 व 25 अगस्त को आयोजित की जाएगी जिसमें समाज के सभी घटक सामूहिक रूप से भाग लेंगे साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम के तथा विभिन्न खेल कूद का भी आयोजन किया जाएगा।

संस्था महामन्त्री उमेश गर्ग ने बताया कि इसके साथ ही 8 अगस्त को अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के तत्वाधान में 1008 वृक्षारोपण का संकल्प लेते हुए आईटीआई में सघन वृक्षारोपण किया जाएगा। प्रभारी इंदु जैन होगी इसके बाद वृक्षारोपण कार्यक्रम शहर में विभिन्न स्थानों पर चलाया जाएगा। अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन की युवा शाखा द्वारा क्रिकेट प्रतियोगिता, कबड्डी तथा हॉकी आदि कराने का प्रस्ताव कोर कमेटी के समक्ष प्रस्तुत किया जिसे कोर कमेटी ने स्वीकृत

करते हुए विस्तृत रूपरेखा बनाकर अगली मीटिंग में प्रस्तुत करने हेतु कहा। बैठक में संस्था के मुख्य संरक्षक कालीचरण दास खंडेलवाल, जिलाध्यक्ष रमेश तापड़िया, संरक्षक मंडल के धर्मेश जैन, जिला महामंत्री उमेश गर्ग, जिला कोषाध्यक्ष प्रवीण जैन, युवा अध्यक्ष पुष्पेंद्र पहाड़िया, युवा महामंत्री कमल खंडेलवाल, महिला कार्यकारी अध्यक्ष इंदु जैन, युवा कार्यकारी अध्यक्ष नितिन जैन, राजेंद्र अग्रवाल, अमित जैन, हिमांशु गर्ग, दीपक चोपड़ा, अजय खुटेटा व मनीष खंडेलवाल आदि कार्य समिति सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किए।

महिला से बाइक सवार बदमाशों ने लूटी सोने की चेन

मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर

गंज थाना क्षेत्र में अपने पति के साथ घर जा रही महिला से बाइक सवार तीन बदमाशों ने झपट्टा मारकर सोने की चेन व मंगलसूत्र तोड़कर फरार हो गए। पीड़ित महिला के पति ने गंज थाने में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गंज थाना पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसर फॉयसागर रोड शिवनगर निवासी राजू खत्री ने तीन बाइक सवार बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। दर्ज रिपोर्ट में खत्री ने बताया कि वह अपनी पत्नी मीरा के साथ सामाजिक कार्यक्रम में हिस्सा लेकर घर जा रहा था। भागचंद सोनी नगर के रास्ते पर मोटर साइकिल पर तीन बदमाश आए और उसकी पत्नी के गले पर झपट्टा मार फरार हो गए। पीड़ित महिला के पति ने बताया कि बाइक सवार बदमाशों ने गले से सोने की चेन व मंगलसूत्र तोड़ लिया, जिससे उसकी पत्नी के गले की सोने की चेन का आधा हिस्सा तोड़कर खींच कर फरार हो गए, जबकि चेन का एक चौथाई हिस्सा उसकी पत्नी के हाथ में आने से बच गया। पीड़ित की शिकायत पर गंज थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर बाइक सवार बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

बदमाशों की तलाश में जुटी पुलिस: गंज थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की जांच हेड कांस्टेबल फूल सिंह को सौंपी गई है। पुलिस जांच टीम ने शुक्रवार को घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे है, जिससे बदमाशों को गिरफ्तार किया जा सके।

महाविद्यालय की अव्यवस्था व दस्तावेज जांच काउंटर बढ़ाने की मांग

एनएसयूआई ने किया विरोध-प्रदर्शन, छात्रनेता-लेक्चरार में तकरार

मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर। सम्राट पृथ्वीराज चैहान राजकीय महाविद्यालय में चल रही अव्यवस्थाओं को सुधारने की मांग को लेकर शुक्रवार को एनएसयूआई द्वारा किए जा रहे विरोध प्रदर्शन के दौरान कॉलेज लेक्चरार व छात्रनेताओं के बीच तकरार हो गई, देखते ही देखते छात्र नेता व लेक्चरार आपस में भिड़ गए और कॉलेज प्रशासन ने प्रदर्शन कर रहे छात्र नेता व छात्रों को धक्के देकर कॉलेज के मुख्य द्वार से बाहर निकाल दिया। इस दौरान नेताओं ने कॉलेज प्रशासन पर दुर्व्यवहार करने का भी आरोप लगाया है। एनएसयूआई कार्यकर्ता अंकित घारू ने बताया कि सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में प्रथम वर्ष में प्रवेश की प्रक्रिया के तहत मांगे गए ऑन लाइन आवेदन के बाद दस्तावेजों की जांच की जा रही है। महाविद्यालय में दस्तावेजों की जांच काउंटर कम होने की वजह से प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने वाले छात्रों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दिन भर इंतजार के बाद भी यहां पर छात्रों का नंबर नहीं आ रहा है। दस्तावेज जांच के लिए काउंटर बढ़ाने के लिए महाविद्यालय प्रशासन को कहा गया, लेकिन उन्हें धक्के मार कर बाहर निकाल दिया। इस बात से खफा होकर एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए धरने पर बैठ गए। समझाइश के बाद उन्होंने धरना समाप्त कर दिया।

विदेशी महिला को शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म

जीरो एफआईआर पर पुलिस ने किया मामला दर्ज, पीड़िता के कोर्ट में 164 के बयान कमलबद्ध

मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर। अजमेर निवासी द्वारा अमेरिकी महिला को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में शुक्रवार को जांच अधिकारी ने कोर्ट में पीड़िता के 164 के बयान कलमबद्ध दर्ज कराए। अजमेर पुलिस अनुसंधान जुटी है। शहर के तीन अलग-अलग होटल में जाकर मौका मुआयना किया, साथ ही जहां जहां पीड़िता रुकी वहां एफएसएल टीम से जांच के नमूने उठवाए।

अजमेर के सिविल लाइन थाना पुलिस को बूंदी से जीरो नम्बर की एफआईआर प्राप्त हुई है, जिसमें आरोप लगाया कि है कि अजमेर के नसीराबाद निवासी मानव सिंह राठौड ने एक विदेशी महिला को शादी का झांसा देकर उसके साथ अजमेर के अलग अलग स्थानों पर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया।

जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार बिश्नोई ने बताया कि यूएसए की रहने वाली महिला ने बूंदी थाने में वकील मानव सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया था। उसने रिपोर्ट में बताया कि फेसबुक पर उसकी दोस्ती मानव सिंह राठौड़ से हुई थी। फेसबुक मैसेंजर पर चैटिंग होने लगी थी, जांच अधिकारी द्वारा शुक्रवार को पीडिता के कोर्ट में 164 के बयान दर्ज करवाए गए।

कलक्टर को सौंपा मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन, आंदोलन की दी चेतावनी

मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को राज्य सरकार द्वारा निजी हाथों सौंप जाने को लेकर शुक्रवार को संयुक्त संघर्ष समिति पीएचईडी राजस्थान के बैनर ताले पीएचईडी के अभियंताओं, अधिकारियों और कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से एकत्रित होकर जिला कलेक्ट्रेट पर सरकार के निर्णय के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए रोष जताया और जिला कलेक्टर डॉ. भारती दीक्षित को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर पीएचईडी विभाग को आरडब्ल्यूएसएस में निजीकरण नहीं करने की मांग की। उन्होंने मांग नहीं माने जाने पर

निजीकरण के विरोध में पीएचईडी कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

प्रदेशव्यापी आंदोलन की चेतावनी दी। आगामी 29 जुलाई को विधानसभा व मुख्यमंत्री आवास घेराव की चेतावनी भी दी।संयुक्त संघर्ष समिति पीएचईडी राजस्थान पीएचईडी के अभियंताओं, अधिकारियों और कर्मचारी ने कलेक्टर को दिए ज्ञापन में बताया कि राज्य सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष बजट 2024-25 की घोषणा संख्या 190(11) में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के सभी कार्यो, कार्मिको एवं पेयजल योजनाओ सहित निजी हस्तांतरित को सौंपने की कार्यवाही प्रस्तावित की है, सरकार के इस निर्णय को लेकर विभागीय पीएचईडी के अभियंताओं, अधिकारियों और कर्मचारियों में सरकार के खिलाफ रोष व्याप्त है, जिसको लेकर कर्मचारी संगठनों द्वारा प्रदेश भर में विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है।

विधानसभा व मुख्यमंत्री का घेराव 29 को: पीएचईडी के प्रदर्शनकारी कर्मचारियों ने शुक्रवार को राज्य सरकार की उदासीनता के चलते संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर ताले सामूहिक अवकाश लेकर जिला मुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है।

राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड
निविदा आमंत्रण सूचना BN:1112002401
इच्छुक निविदाकारी से अधीक्षण अभियंता (प्र.एवं.नि.), अजमेर के अधीन निविदा सूचना संख्या (BN:1112002401) में क्र.सं. 1 पर वर्णित कार्य के लिये निर्धारित प्रपत्र में मुहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का समस्त विवरण विभागीय वेबसाईट https://energy.rajasthan.gov.in/rvpnl एवं राजस्थान सरकार की वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in व https://sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।
BN:1112002401 के लिये (UBN: VPN2425GSOB00972)
अधीक्षण अभियन्ता (प्र.एवं.नि.), अजमेर
क्र.सं./अ.अ./34/2836 क्र.सं.नि.प्र.नि./TR-6275/2024

20 साल पहले पाक से आए थे भारत

तीन भाई-बहन को मिली भारत की नागरिकता

एडीएम सिटी ने सौंपे नागरिकता प्रमाण पत्र, परिवार के सदस्यों ने जताई खुशी

मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर

केंद्र सरकार की ओर से जारी गाइड लाइन और राजस्थान सरकार के गृह विभाग द्वारा जारी आदेशा के तहत शुक्रवार को अजमेर में तीन पाकिस्तानी भाई-बहन को 20 साल बाद भारत की नागरिकता दी गई। एडीएम सिटी गजेंद्र सिंह राठौड़ ने तीनों भाई-बहन को भारत की नागरिकता का प्रमाण पत्र सौंपा। प्रमाण पत्र मिलने के बाद परिवार के सदस्यों ने एक-दूसरे का मिठाई खिलाकर केंद्र सरकार का आभार जताया।

अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर) गजेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि राजस्थान सरकार के गृह विभाग ने नागरिकता अधिनियम 1955 की धारा 5 (1) (ड़) के उपबंधों के अंतर्गत भारत की नागरिकता के रूप में रजिस्टर्ड है। शुक्रवार को पाकिस्तानी तीन भाई-बहन महेशराज सोनी, दिनेशराज सोनी और नील कंवर को भारत नागरिकता का प्रमाण पत्र सौंपा गया है। प्रमाणपत्र मिलने के बाद अब तीनों सदस्य चुनावों हिस्सा ले सकेंगे और भारत एवं राज्य सरकार की ओर मिलने वाले लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

45 साल पहले हुआ था विवाह: एडीएम सिटी गजेंद्र सिंह

राठौड़ ने बताया कि रमादेवी नाम की महिला जयपुर में रहती थी, जिन्होंने पाकिस्तान में शादी की थी। कराची निवासी हंसराज सुनार का काम करते थे। विवाह के बाद दोनों के आठ बच्चे हुए। रामा देवी भारतीय पासपोर्ट पर दो साल से पाकिस्तान आया-जाया करती थीं। रामादेवी का बड़ा बेटा उमेश राज वर्ष 2001 में भारत आ गया। पुलिस लाइन स्थित लोहाखान में सुनार का काम करता रहा। इसके बाद उसका पिता हंसराज, बहन किरण, कविता, नीलम और सारिका भी भारत आ गए। पूर्व में रमादेवी के पति हंसराज और उनके बड़े बेटे को भारत की नागरिकता मिली चुकी थी। शेष तीन लोगों को आज भारत की नागरिकता प्रदान की गई है। नागरिकता मिलने पर परिवार के सदस्यों ने खुशी जताई है।

15 साल से रह रहे थे अजमेर में : एडीएम सिटी ने बताया कि तीनों सदस्य 15 सालों से अजमेर में रह रहे थे। मूल रूप से तीनों पाकिस्तान के नागरिक है। उन्होंने कहा कि पुराने कानून के तहत भारत की नागरिकता दी गई है। भारत की नागरिकता मिलने के बाद महिला नीलकमल ने कहा कि नागरिकता मिलने से बेहद खुश हूं। नील कमल ने बताया कि वे बहुत छोटी थी, तब पाकिस्तान से भारत आई थी। मेरी पढ़ाई-लिखाई भी अजमेर में ही पूरी हुई है। मुझे खुशी है कि मैं वोट दे पाऊंगी और भारत की योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। तीनों बच्चों की मां रमादेवी ने कहा कि बच्चों को नागरिकता मिलने के बाद खुशी है। रमादेवी ने कहा कि केंद्र सरकार ने इस शुभ मुहूर्त पर नागरिकता देकर तोहफा दिया है।

RELIANCE ASSET RECONSTRUCTION
11वीं मंजिल, मॉर्स माइड, आर-टेक पार्क, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे गोरेगांव (पूर्व), मुंबई - 400063, फोन: 91-22-4168-1200
परिशिष्ट IV (देखें नियम 8(1) कब्जा सूचना)
जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता रिलायंस एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (2002 के नियम 54) और प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 13 (12) के नियम (3) अधिनियम 2002 एवं सपठित नियमों के नियम के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में मांग सूचना दिनांक 09-08-2023 को निर्गमित की जिसमें मांग करते हुए ऋणी दुर्गा देवी गिडारिया पत्नी विजय कुमार (ऋणी), विजय कुमार पुत्र बाबू लाल (सहऋणी), श्याम लाल गिडारिया पुत्र बाबू लाल गिडारिया (गारंटर), ऋण खाता संख्या: PL8650 से नोटिस में वर्णित राशि रुपये 2,43,489/- (दो लाख तेतालीस हजार चार सौ नवासी रुपये मात्र) कुल देय राशि को इस नोटिस की प्राप्ति की दिनांक से 60 दिनों के भीतर चुकाने के लिये कहा गया था।
ऋणी/बंधककर्ता के वह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणी/बंधककर्ता को तथा सामान्यजन को एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) तथा सपठित प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 8 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा 24 दिनांक जुलाई माहवर्ष 2024 को ग्रहण कर लिया है।
ऋणी/सहऋणी/बंधककर्ता को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्ति के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई व्यवहार रुपये 4,07,565.80/- (चार लाख सात हजार पांच सौ पैंसठ रुपये एवं अस्सी पैसे मात्र) 06-07-2024 तक दिनांक तक तथा आगे का ब्याज एवं कुल भुगतान होने तक की राशि रिलायंस एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।
ऋणी का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन के लिये उपलब्ध समय के सन्दर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।
स्थावर सम्पत्ति का विवरण
निवासपरी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्चर के सभी अविभाज्य अंग स्थित खसरा नं. 1512/415/1 ग्राम बंकारा, तहसील पिपा बावडी, जिला नागौर, राज. कोड पिन 328 वर्ग फीट, जो कि दुर्गा देवी गिडारिया पत्नी विजय कुमार गिडारिया के स्वामित्व में है। जिसकी सीमाएं: पूर्व: विजय कुमार की भूमि, पश्चिम: मदीना पत्नी अकबर की भूमि, उत्तर: धंधा लाल खटीक का मकान, दक्षिण: 10 फीट रास्ता
दिनांक : 24 जुलाई 2024
स्थान : नागौर, राज.
प्राधिकृत अधिकारी
रिलायंस एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड